पाठ 5. पकड़ा गया आतंकवादी (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्‌देश्य स्व–जागरूकता का कौशल विकसित करना है ताकि वे अपनी पसंद व नापसंद की पहचान कर सकें। आतंक फैलाकर अपनी बात मनवाने वाली सोच बहुत सारे निर्दोष लोगों के जीवन से खेलती है। आतंकियों को रोकने का ठोस उपाय है, उनके विरूद्‌ध आम आदमी का साहस और युक्ति से काम लेना। रतुल राभा और ऋतुपर्णो ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर जिस प्रकार पुलिस के हाथों आतंकियों को पकड़वाया, उसका उदाहरण हम सबके लिए अनुकरण के योग्य है।

अध्यापन संकेत

इस पाठ को बच्चे स्वयं पढ़ें। पाठ से संबंधित घटनाक्रम की चर्चा की जा सकती है। पाठ से मिलने वाले संदेश के बारे में प्रश्न पूछें। बच्चों से पाठ से संबंधित कुछ प्रश्न बनवाए जा सकते हैं। अन्य बच्चों से उन प्रश्नों के उत्तर पूछे जा सकते हैं।